Fuelling Sustainable Growth

अंक : 612 वर्ष 46 राँची, जनवरी, 2025

# अपनी बात

## सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका











# कोल इंडिया राँची मैराथन 2025 : तीसरे संस्करण की वेबसाइट लॉन्च




कोल इंडिया राँची मैराथन के तीसरे संस्करण का वेब साइट लॉन्च करते सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान, सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं अन्य

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने कोल इंडिया राँची मैराथन के तीसरे संस्करण की आधिकारिक वेबसाइट को आम जनों के लिए प्रस्तुत किया है, जो इस प्रतिष्ठित आयोजन की तैयारियों और इसे सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस वेबसाइट का उद्देश्य स्वास्थ्य, तंदुरुस्ती और सामुदायिक एकजुटता को प्रोत्साहित करना है, साथ ही इस आयोजन से जुड़े हर पहलू की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है।

इस वेबसाइट का शुभारंभ सीसीएल के सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह ने बड़े उत्साह के साथ किया। इस विशेष अवसर पर उनके साथ सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री पंकज कुमार एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। वेबसाइट लॉन्च के बाद, सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए मैराथन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन में अपनी उत्कृष्टता के साथ–साथ समाज और समुदाय के कल्याण के लिए भी कई सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने इस आयोजन को स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और समुदाय के बीच जागरूकता फैलाने के लिए एक अद्भुत मंच बताया।

यह मैराथन 9 फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी और इसे पिछले दो संस्करणों की अपार सफलता के आधार पर और भी व्यापक और आकर्षक बनाने की योजना है।

पिछले संस्करणों ने हजारों धावकों को आकर्षित किया और स्वास्थ्य व तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के साथ–साथ एकता और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ किया। इन सफल आयोजनों ने सीसीएल को इस वर्ष इसे और भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए प्रेरित किया है।

गौरतलब है कि इस बार की मैराथन को एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) के साथ पंजीकृत किया गया है और इसका रूट एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस (AIMS) द्वारा प्रमाणित है। यह आयोजन न केवल पेशेवर धावकों के लिए बल्कि आम नागरिकों के लिए भी एक खास अवसर है।

तीन प्रमुख श्रेणियों में आयोजित इस मैराथन में फुल मैराथन (42 किमी), हाफ मैराथन (21 किमी), और 10 किमी दौड़ शामिल हैं। हर श्रेणी के विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं। फुल मैराथन के शीर्ष विजेताओं को रु. 3.30 लाख, हाफ मैराथन के विजेताओं को रु. 2.20 लाख और 10 किमी दौड़ के विजेताओं को रु. 1.10 लाख का पुरस्कार मिलेगा। कुल मिलाकर रु. 35.10 लाख की पुरस्कार राशि शीर्ष के 10 प्रतिभागियों में वितरित की जाएगी।

वेबसाइट को नवीनतम तकनीक और उपयोगकर्ता अनुभव को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इसमें पंजीकरण पोर्टल, मैराथन रूट की जानकारी, कार्यक्रम का विवरण और दिशा–निर्देश शामिल हैं । ज्ञात हो की इस वैबसाइट को इन हाऊस सीसीएल के प्रणाली विभाग के अभियन्ताओं ने तैयार किया है

यह आयोजन केवल एक दौड़ प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के संदेश को प्रसारित करने का अवसर भी है। यह आयोजन सीसीएल की नवाचार और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अद्वितीय आयोजन का हिस्सा बनने के इच्छुक सभी लोग https://centralcoalfields-in/cilranchimarathon/ पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

# माननीय कोयला मंत्री भारत सरकार, श्री जी. किशन रेड्डी ने सुरक्षा बैरक का उद्घाटन और सीसीएल कर्मियों के लिए बहुमंजिला आवासीय भवन का शिलान्यास किया



माननीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार श्री जी. किशन रेड्डी गार्ड ऑफ ऑनर लेते हुए

माननीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार श्री जी. किशन रेड्डी ने 09 जनवरी को राँची के गांधीनगर आवासीय परिसर में सीसीएल के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं में सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन और सीसीएल कर्मियों के लिए बहुमंजिला आवासीय भवनों का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद श्री आदित्य प्रसाद, राज्य सभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, काँके विधायक श्री सुरेश कुमार बैठा, कोयला मंत्रालय के सचिव श्री विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव कोयला श्रीमती विस्मिता तेज, कोयला मंत्री के निजी सचिव श्री बक्की कार्तिकेयन, कोल इंडिया चेयरमैन श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमडी सीसीएल श्री निलेंदु कुमार सिंह, सीएमडी सीएमपीडीआईएल श्री मनोज कुमार सहित सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री पंकज कुमार, वरिष्ठ अधिकारी, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में लोग भी उपस्थित थे।

## सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

माननीय मंत्री ने गांधीनगर, राँची में सीसीएल के सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। इस परियोजना की लागत रु. 2.33 करोड़ है और इसे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह केंद्र सुरक्षा कर्मियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएँ प्रदान करेगा, जिसमें 40 बिस्तरों वाला डॉर्मिटरी, कक्षाएँ, जिम, डाइनिंग हॉल और अन्य आवश्यक सुविधाएँ शामिल हैं। इस केंद्र के माध्यम से सीसीएल के 1600 से अधिक सुरक्षा कर्मियों और भविष्य में शामिल होने वाले नए कर्मियों को आधुनिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा। यह परियोजना न केवल सुरक्षा कर्मियों की दक्षता को बढ़ाएगी, बल्कि उनकी कार्यक्षमता और अनुशासन में भी सुधार करेगी।

## बहुमंजिला आवासीय भवनों का शिलान्यास

इसके अतिरिक्त, माननीय मंत्री ने गांधीनगर में सीसीएल कर्मियों के लिए चार बहुमंजिला आवासीय भवनों के निर्माण का शिलान्यास किया। इस परियोजना में G–8 मंजिल के चार टावर बनाए जाएंगे, जिनमें कुल 112 आवासीय इकाइयां होंगी। इन इकाइयों में बी–टाइप के 32, सी–टाइप के 64 और डी–टाइप के 32 फ्लैट शामिल होंगे। परियोजना की कुल लागत रु. 77.63 करोड़ है। इन भवनों में ग्रीन बिल्डिंग के तहत अत्याधुनिक सुविधाएँ, जैसे कम्युनिटी पार्क, बैडमिंटन कोर्ट और वॉकिंग एरिया उपलब्ध कराए जाएंगे। इस परियोजना का निर्माण कार्य 4 जनवरी 2025 को शुरू होकर 4 जनवरी 2027 तक पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है।




अन्य गणमान्यों के साथ माननीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार श्री जी. किशन रेड्डी सीस. ीएल कर्मियों के लिए चार बहुमंजिला आवासीय भवनों के निर्माण का शिलान्यास करते हुए




माननीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार श्री जी. किशन रेड्डी अन्य गणमान्यों की उपस्थिति में गांधीनगर में सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन करते हुए

## समीक्षा बैठक

इसके उपरांत उन्होंने सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल और सीएमपीडीआईएल की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में कोयला उत्पादन, कर्मचारियों के कल्याण और कंपनी की भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री पी एम प्रसाद सहित सभी कंपनियों के सीएमडी एवं उच्च अधिकारी उपस्थित थे। माननीय मंत्री ने इन कंपनियों की प्रगति का आकलन किया और आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए।

## स्थानीय विकास के लिए प्रतिबद्धता

इन परियोजनाओं का उद्देश्य न केवल सीसीएल कर्मियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है, बल्कि क्षेत्र में आवास, सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को भी उन्नत करना है। इन पहलों से न केवल सीसीएल के कर्मचारियों और उनके परिवारों को लाभ होगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और स्थानीय जनता ने सरकार की इन पहलों की सराहना की।

# भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में कोल इंडिया का नाम शामिल

कोल इंडिया लिमिटेड को भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में शामिल होने का गौरव हासिल हुआ है। नामचीन संस्था 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' द्वारा 2025 में विनिर्माण क्षेत्र की 347 संस्थाओं की कार्यपद्धति के व्यापक सर्वे के पश्चात कोल इंडिया लिमिटेड को इस सम्मान से नवाजा गया है। यह प्रतिष्ठित मान्यता अपने कर्मियों के लिए एक सहायक और सशक्त वातावरण प्रदान करते हुए विश्वास, गर्व और सौहार्द की संस्कृति को विकसित करने की कोल इंडिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

गौरतलब है कि एक समावेशी और टिकाऊ संगठन बनाने की प्रतिबद्धता के लिए कोल इंडिया को पहले ही 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' की मान्यता मिल चुकी है।

कोल इंडिया, भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न कंपनी है। दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी के रूप में कोल इंडिया भारत की 80% से अधिक घरेलू कोयला मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परिचालन उत्कृष्टता, कर्मचारी कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता को मजबूती से आगे बढ़ाते हुए, कोल इंडिया भारत के ऊर्जा क्षेत्र और आर्थिक विकास में एक अग्रणी संस्थान की भूमिका निभा रही है।

# माननीय केंद्रीय कोयला मंत्री, भारत सरकार श्री जी. किशन रेड्डी ने काँके में 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी



माननीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार श्री जी. किशन रेड्डी अन्य गणमान्यों के साथ सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का शिलान्यास करने के लिए भूमि पूजन करते हुए

केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने 10 जनवरी को काँके, राँची स्थित रिनपास के समीप 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी। यह अस्पताल कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं से युक्त होगा। इस परियोजना का उद्देश्य झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर राँची के माननीय सांसद एवं रक्षा राज्यमंत्री श्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद श्री आदित्य प्रसाद, राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, काँके विधायक श्री सुरेश कुमार बैठा, कोयला मंत्रालय के सचिव श्री विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव, कोयला श्रीमती विस्मिता तेज, कोयला मंत्री के निजी सचिव श्री बक्की कार्तिकेयन, कोल इंडिया के चेयरमैन श्री पी.एम. प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह, सीएमपीडीआईएल के सीएमडी श्री मनोज कुमार, सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री पंकज कुमार और श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

माननीय मंत्री ने कहा कि झारखंड और पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए यह अस्पताल एक मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए लगातार प्रयासरत है। यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कोयला क्षेत्र के विकास और क्षेत्रीय सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होने कहा कि इस अस्पताल का निर्माण पूर्ण हो जाने पर इसका उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हाथों करने का प्रयास करेंगे।

## हॉस्पिटल की मुख्य विशेषताएँ

- क्षमता : 200 बिस्तर।
- स्थान : रिनपास के समीप, कांके, रांची।
- परियोजना लागत : रु. 300 करोड़ (निर्माण, उपकरण और फर्निशिंग)।
- परियोजना अवधि : निर्माण कार्य जून 2025 से प्रारंभ होकर दो वर्षों में पूरा होगा।
- संचालन और प्रबंधन : डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (BAVP), एक गैर–लाभकारी संगठन।
- परियोजना समर्थन अवधि : 6 वर्षों तक सीसीएल द्वारा

वित्तीय सहायता (VGF) प्रदान की जाएगी।

- **भूमि का क्षेत्रफल :** 5.5 एकड़, जो झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

माननीय मंत्री ने हॉस्पिटल की महत्ता को रेखांकित करते हुए इसे क्षेत्र के नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## भारतीय कोयला खान संस्थान (IICM) का दौरा और युवा अधिकारियों को संबोधन

आधारशिला समारोह के उपरांत, माननीय मंत्री ने भारतीय कोयला खान संस्थान (IICM) का दौरा किया, जहां उन्होंने युवा प्रबंधन प्रशिक्षुओं और "ज्योति कार्यक्रम" के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सभी महिला प्रतिभागियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, "देश के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके योगदान को मान्यता देना आवश्यक है।"

उन्होंने युवा पेशेवरों को यह संदेश दिया कि वे अपने कार्य को केवल एक रोजगार के रूप में न देखें, बल्कि इसे देश सेवा के एक अवसर के रूप में अपनाएँ। उन्होंने युवाओं को अपने कार्यक्षेत्र में नई सोच और नवाचार को शामिल करने का भी आह्वान किया। माननीय मंत्री श्री रेड्डी ने इस अवसर पर पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया ।

## अन्य गणमान्य व्यक्तियों का संबोधन

कोयला मंत्रालय के सचिव श्री विक्रम देव दत्त ने महिलाओं की भूमिका कोयला उद्योग में सशक्त बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कोयला क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाना और उनके साथ तालमेल बिठाना समय की मांग है।

अतिरिक्त सचिव कोयला, श्रीमती विस्मिता तेज ने महिला प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके योगदान को कोयला क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

कोल इंडिया के चेयरमैन, श्री पी.एम. प्रसाद ने भी सभा को संबोधित करते हुए भारतीय कोयला खान संस्थान (IICM) की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "IICM कोयला क्षेत्र के युवाओं को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने और उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।"

## महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत

यह आयोजन न केवल कोयला क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को रेखांकित करता है, बल्कि उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित भी करता है। IICM के इस पहल और माननीय मंत्री के संदेश से युवा प्रतिभागियों को अपने कार्यक्षेत्र में सर्वोत्तम योगदान देने की प्रेरणा मिली।




माननीय कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार श्री जी. किशन रेड्डी अन्य गणमान्यों की उपस्थिति में आईआईसीएम, काँके, राँची में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए

# "ड्राफ्टिंग ऑफ चार्जशीट" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित'




सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सतर्कता विभाग द्वारा 13 जनवरी को "ड्राफ्टिंग ऑफ चार्जशीट" विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीसीएल, सीएमपीडीआई और एनसीएल के सतर्कता अधिकारियों के कौशल को उन्नत करना था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री एल.एन. मिश्रा, पूर्व निदेशक (कार्मिक), एमसीएल ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। श्री मिश्रा ने विषय से संबंधित व्यावहारिक अनुभवों और प्रक्रियाओं को साझा किया।

कार्यक्रम में सीसीएल, सीएमपीडीआई और एनसीएल के सतर्कता विभागों से कुल 37 अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान, प्रतिभागियों को आरोप पत्र तैयार करने में उपयोग होने वाले विधिक प्रावधानों, प्रक्रियाओं और इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "आरोप पत्र न केवल अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह न्यायपूर्ण और पारदर्शी निर्णय लेने की प्रक्रिया का आधार भी है। सतर्कता अधिकारियों को इस विषय में दक्षता प्राप्त करने से संस्थान की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होगा।"

कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों ने प्रशिक्षक के साथ संवादात्मक सत्रों में भाग लिया और अपने अनुभवों और मुद्दों को साझा किया। श्री मिश्रा ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके संदेहों को दूर किया और इस महत्वपूर्ण विषय पर उनके ज्ञान को और समृद्ध किया।

# अर्पिता महिला मंडल ने किया जेएसएसपीएस कैडेट्स के साथ मुलाकात

दिनांक 14 जनवरी 2025 को अर्पिता महिला मंडल, सीसीएल मुख्यालय वाइव्स एसोसिएशन की अध्यक्षा श्रीमती प्रीती सिंह, उपाध्यक्षा श्रीमती इंदु मिश्रा, एवं श्रीमती शशि दुहान ने अर्पिता महिला मंडल की अन्य महिला सदस्यों के साथ जे.एस.एस.पी.एस., खेलगाँव परिसर जाकर प्रशिक्षणरत कैडेट्स से मुलाकात की ।



जेएसएसपीएस कैडेट्स के साथ मुलाकात करते अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीती सिंह

इस दौरान, उन्होंने विभिन्न स्टेडियमों का निरीक्षण किया और कैडेट्स से उनके खेल प्रदर्शन, हॉस्टल सुविधाओं, और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर चर्चा की। विशेष रूप से महिला कैडेट्स की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए, उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि झारखंड की बेटियाँ अपने प्रदर्शन से सुर्खियाँ बटोर रही हैं और राज्य एवं देश को गौरवान्वित कर रही हैं।

अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीती सिंह ने खिलाड़ियों के अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के लिए उनके समर्पण और मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा, "यह देखकर हृदय को प्रसन्नता होती है कि हमारे कैडेट्स, विशेष रूप से महिला कैडेट्स, अपने प्रेरणादायक प्रदर्शन से देश और राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उनकी उपलब्धियाँ सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।" कैडेट्स के साथ इस संवाद ने उनके मनोबल को बढ़ाया। महिला मंडल के सदस्यों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उनके प्रयासों की जमकर प्रशंसा की।

इस अवसर पर, जे.एस.एस.पी.एस. की टीम और प्रशिक्षकों के साथ खेल अकादमी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। महिला मंडल ने झारखंड में खेलों के प्रोत्साहन के लिए सीसीएल और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों की सराहना की।

# एनडीआरएफ के जवानों को सीसीएल में मिला खान बचाव प्रशिक्षण

## रामगढ़ में 14 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

सीसीएल के खान बचाव केंद्र, रामगढ़ में 14 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। यह एनडीआरएफ (NDRF) की 9वीं बटालियन, बीहटा पटना के जवानों को प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम 6 जनवरी 2025 को शुरू हुआ और 21 जनवरी 2025 को संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि यह पूरे देश में पहली बार है जब गैर–खनन कर्मियों को खान बचाव प्रशिक्षण दिया गया।




प्रशिक्षणरत एनडीआरएफ की टीम

इस कार्यक्रम का उद्देश्य एनडीआरएफ जवानों को भूमिगत खदानों में आपदाओं के दौरान बचाव कार्य के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को विषाक्त वातावरण में कार्य करना, आधुनिक बचाव उपकरणों का उपयोग करना और खदानों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने की तकनीकों में निपुणता प्रदान की गई।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खान सुरक्षा निदेशक (राँची रीजन) श्री आफताब अहमद ने इस प्रशिक्षण को "समय की आवश्यकता" बताते हुए कहा कि एनडीआरएफ के जवान अब खनन आपदाओं के दौरान राहत और बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने सीसीएल और एनडीआरएफ के संयुक्त प्रयासों की सराहना की।



सीसीएल अधिकारियों के साथ एनडीआरएफ की टीम

इस अवसर पर श्री बिनोद कुमार, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव), श्री विकास कुमार, अधीक्षक (बचाव सेवाएँ), श्री सोहेल लखानी, डिप्टी कमांडेंट एनडीआरएफ 9वीं बटालियन सहित अन्य अधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित थे। समापन समारोह में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

यह कार्यक्रम न केवल खान सुरक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम है, बल्कि आपदा प्रबंधन और बचाव कार्यों को भी एक नई दिशा प्रदान करता है। इस प्रशिक्षण से एनडीआरएफ की दक्षता और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# अर्पिता महिला मंडल ने मुख्यालय, राँची में मनाया खेल दिवस

अर्पिता महिला मंडल ने सीसीएल मुख्यालय, राँची में 23 जनवरी को खेल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया। यह आयोजन अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह और माननीय सदस्याएँ – श्रीमती रीता मिश्रा, श्रीमती इंदु मिश्रा, श्रीमती शशि दुहान और श्रीमती रूपा रानी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस भव्य आयोजन ने सभी सदस्यों को खेल भावना और मस्ती से भरे दिन के लिए एकजुट किया। कार्यक्रम में बिलियर्ड्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और कैरम जैसे विभिन्न इनडोर खेलों के साथ–साथ रोमांचक आउटडोर खेल भी आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों के प्रयासों को सराहा गया और उन्हें पुरस्कृत किया गया। यह आयोजन फिटनेस, खेल और उत्सव का यादगार दिन साबित हुआ।



खेल दिवस के दौरान खिलाड़ियों के साथ अर्पिता महिला मंडल की सदस्यायें

# कोयला सचिव, भारत सरकार श्री विक्रम देव दत्त ने सीसीएल की "डिजिटल विद्या" परियोजना अंतर्गत अधिष्ठापित स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब का वर्चुअल उद्घाटन किया




"डिजिटल विद्या" परियोजना अंतर्गत अधिष्ठापित स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब का वर्चुअल उद्घाटन करते कोयला सचिव, भारत सरकार श्री विक्रम देव दत्त एवं अन्य गणमान्य

कोयला मंत्रालय के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा झारखंड राज्य के 8 जिलों के 193 सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "डिजिटल विद्या" परियोजना अंतर्गत स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब का अधिष्ठापन कराया गया। इस महत्वाकांक्षी पहल का वर्चुअल उद्घाटन 24 जनवरी को कोयला सचिव श्री विक्रम देव दत्त द्वारा किया गया।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की इस परियोजना के तहत सीसीएल ने झारखंड के राँची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, चतरा, लातेहार, गिरिडीह और पाकुड़ जैसे जिलों में स्मार्ट क्लासरूम और आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) लैब की स्थापना की है जिसकी कुल लागत 26.13 करोड़ रुपये है। परियोजना का क्रियान्वयन एजुकेशनल कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (ईडीसीआईएल) द्वारा कराया गया।

24 जनवरी को आयोजित उद्घाटन समारोह झारखंड के चतरा जिले के टंडवा ब्लॉक के अपग्रेडेड मिडिल स्कूल, किशुनपुर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, शिक्षक, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, लोक प्रतिनिधिगण, अभिभावक, एवं कम्पनी के अधिकारीगण उपस्थित थे। सीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (कार्मिक) कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़कर, छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों, एवं समस्त जन समुदाय को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों द्वारा डिजिटल शिक्षा के माध्यम से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाने की दिशा में सीसीएल के योगदान की सराहना की गई।

यह परियोजना झारखंड में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और सरकारी स्कूलों के बच्चों को डिजिटल युग के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

## सीसीएल का योगदान

सीसीएल ने अपने कमान क्षेत्र के सामाजिक–आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं को लागू किया है। "डिजिटल विद्या" परियोजना शिक्षा के क्षेत्र में सीसीएल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। यह पहल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीकी रूप से सक्षम शिक्षा प्रदान कर, उन्हें समाज में प्रभावशाली भूमिका निभाने के लिए तैयार करेगी।

यह परियोजना झारखंड के सरकारी स्कूलों के छात्रों के शैक्षिक विकास में एक नया आयाम जोड़ेगी और समाज को तकनीकी दृष्टि से समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# 76वाँ गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

26 जनवरी 2025 को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने 76वाँ गणतंत्र दिवस महात्मा गांधी क्रीड़ांगण, सीसीएल गांधीनगर में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। इस अवसर पर सीसीएल के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक (सीएमडी) श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने सीसीएल सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसएफ जवानों, आर्मी बैंड और गांधीनगर डीएवी व ज्ञानोदय स्कूल के विद्यार्थियों की परेड का निरीक्षण किया। समारोह में सीएमडी के साथ निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान, सीवीओ श्री पंकज कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, श्रमिक प्रतिनिधि, सीसीएल कर्मी एवं उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंह और क्लब की अन्य सदस्य भी उपस्थित रहीं।



राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सलामी देते सीसीएल सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह

अपने संबोधन में सीएमडी श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए देश के संविधान निर्माताओं को नमन किया। उन्होंने बताया कि सीसीएल न केवल कोयला उत्पादन और प्रेषण में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है, बल्कि सामाजिक विकास के क्षेत्रों में भी अहम योगदान दे रहा है। उन्होंने 2026 तक "नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन" का लक्ष्य प्राप्त करने की प्रतिबद्धता दोहराई और बताया कि कंपनी सोलर पावर प्लांट्स की स्थापना और ई–वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दे रही है।

श्री सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के तहत अब तक सीसीएल कमांड क्षेत्र में 1 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाने और 5,500 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर हरित क्षेत्र विकसित करने की जानकारी दी। उन्होंने मियावाकी प्लांटेशन तकनीक के माध्यम से चल रहे वृक्षारोपण और इको–पार्क विकास योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।


गणतंत्र दिवस के अवसर पर रंग–बिरंगा गुब्बाड़े उड़ाते माननीय अतिथिगण

उन्होंने सीसीएल की सीएसआर पहलों पर चर्चा करते हुए बताया कि कंपनी स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, स्वच्छता और कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में, कंपनी हर साल 2 लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएँ प्रदान कर रही है और हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर स्थापित करने में मदद कर रही है।

शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सीसीएल ने सरकारी स्कूलों में स्मार्टक्लास एवं आईसीटी लैब स्थापित की हैं और स्थानीय युवाओं को विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किए हैं। हाल ही में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की 10 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा प्रदान किए गए।

सीसीएल की जेएसएसपीएस खेल अकादमी के



गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का एक दृश्य



गणतंत्र दिवस के अवसर पर गांधीनगर अस्पताल में अमृत फार्मेसी का उद्घाटन का एक दृश्य

कैडेट्स ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 8 पदक जीते हैं। कंपनी के खेल योगदान के तहत महिला फुटबॉल टीम ने 63वें सुब्रतो कप में शानदार जीत हासिल की।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने मुख्यालय दरभंगा हाउस और गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अपने संबोधन में उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, श्रमिकों और गणमान्य व्यक्तियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, "गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारे संविधान की गरिमा और लोकतंत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को व्यक्त करने का एक अवसर है। सीसीएल अपने कार्यों और योजनाओं के माध्यम से न केवल उद्योग जगत में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, बल्कि समाज के आर्थिक और सामाजिक उत्थान में भी योगदान दे रहा है।"

## अन्य प्रमुख गतिविधियाँ और उद्घाटन

समारोह के बाद, सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में अमृत फार्मेसी का उद्घाटन किया।

समारोह में डीएवी गांधीनगर, केंद्रीय विद्यालय और ज्ञानोदय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के अंत में शांति और प्रगति के प्रतीक रंग–बिरंगे गुब्बारों को आकाश में उड़ाया गया। इस अवसर पर परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सीएमडी ने पुरस्कार प्रदान किए। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सीसीएल के सुरक्षा गार्ड को भी गणमान्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# जन आरोग्य केन्द्र द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

जन आरोग्य केन्द्र, सीसीएल द्वारा निःशुल्क रक्तचाप एवं मधुमेह स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन 31 जनवरी को राँची के पिस्का नगरी स्थित आदर्श वृद्धा आश्रम में किया गया। आश्रम में विशेषज्ञों डॉक्टरो ने 40 वृद्धों की जाँच की और डॉक्टरी सलाह दिया। आश्रम में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ईसीजी, हाइपरटेंशन का निःशुल्क जाँच किया गया ।

ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा अपने हितधारकों तथा समाज के सभी जरूरतमंदों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करने के उद्देश्य से समय–समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहता है। बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठाते हैं।



निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का एक दृश्य

शिविर के सफल आयोजन में डॉ रत्नेश जैन, सीएमएस, सीसीएल, डॉ प्रीति तिग्गा सी एम ओ,सी एस आर, इंचार्ज, डॉ शिल्पी शर्मा, डॉ शशिकांत प्रसाद, डॉ दीपाली, डॉ दीपक सिंह, डॉ आशिमा, डॉ रत्नेश सिंह, डॉ पारुल, एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा ।

" सपने वो नहीं जो आप नींद में देखे,
सपने वो है जो आपको नींद ही नहीं आने दे। "

– डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई




सम्मान समारोह के दौरान सेवा निवृत्त होने वाले कर्मियों के साथ सीएमडी, सीसीएल श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं अन्य गणमान्य

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में आज एक भव्य "सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया, जिसमें जनवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले 168 कर्मियों में से मुख्यालय में कार्यरत 13 कर्मियों को विदाई दी गई।

समारोह में सेवानिवृत्त कर्मियों में प्रमुख नामों में शामिल हैं दृ सुरक्षा विभाग से श्री रवि प्रताप शरण, महाप्रबंधक (विद्युत एवं यांत्रिकी)( उत्खनन विभाग से श्री अशोक कुमार, महाप्रबंधक (उत्खनन); निदेशक (कार्मिक) के सचिवालय से श्री शैलेन्द्र सिंह, महाप्रबंधक (सुरक्षा); समाधान सेल से श्री अनिल कुमार मल्लिक, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक); प्रशासन विभाग से श्री सुजीत कुमार गोस्वामी, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक); प्रणाली विभाग से श्री संजय कुमार गुप्ता, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन); चिकित्सा विभाग से  नायक, लेखपाल ए–1; गांधी नगर अस्पताल से श्रीमती झुमुर चटर्जी, मेट्रोन ए–1; कार्मिक एवं औ. सं. विभाग से श्रीमती अमिता सिन्हा, लिपिक ग्रेड–1; सिविल विभाग से श्री मोहन सिंह, वरीय मुख्य चेनमैन; तोपा ड्रिलिंग कैंप से श्री खली प्रधान, रिगमैन–डी; लपंगा ड्रिलिंग कैंप से श्री मोतीलाल साव, रिगमैन एवं सुरक्षा विभाग से श्रीमती सरस्वती देवी, मुख्य सुरक्षा प्रहरी।

समारोह में सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, सीवीओ श्री पंकज कुमार, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के अनुभव और योगदान पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित की गई। इस फिल्म में कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसके निरंतर विकास की कामना की।

मुख्य अतिथि सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा, "आप सभी ने अपनी मेहनत और निष्ठा से कंपनी को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया है। सेवानिवृत्ति जीवन की नई शुरुआत है। इस समय को परिवार के साथ बिताएँ, स्वास्थ्य का ख्याल रखें और समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएँ।" निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं सीवीओ ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सराहते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक/कल्याण) श्रीमती रेखा पांडेय ने किया। कार्यक्रम की सफलता में कल्याण विभाग और अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

# सोशल मीडिया में सीसीएल













(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, सीसी एंड पीआर विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, सहायक प्रबंधक, बिट्टू कुमार, सहायक प्रबंधक, सीसी एंड पीआर विभाग